Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 8+1 Map

Total No. of Questions : 24

# उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड (12वीं) वार्षिक परीक्षा 2025-26

## विषय कोड : 1216

## इतिहास

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश :**

1. **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिसमें प्रश्न क्रमांक 1 सही विकल्प 6 अंक, प्रश्न क्रमांक 2 रिक्त स्थान 6 अंक, प्रश्न क्रमांक 3 सत्य/असत्य 6 अंक, प्रश्न क्रमांक 4 सही जोड़ी 7 अंक एवं प्रश्न क्रमांक 5 एक वाक्य में उत्तर 7 अंक संबंधी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न हेतु 1 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 24 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 9 तक कुल 4 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।
5. प्रश्न क्रमांक 10 से 14 तक कुल 5 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।
6. प्रश्न क्रमांक 15 से 18 तक कुल 4 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।
7. प्रश्न क्रमांक 19 से 23 तक कुल 5 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।
8. प्रश्न क्रमांक 24 मानचित्र पर आधारित प्रश्न है। इस प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।
9. मानचित्र पूर्ति कर मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1×6=6

(i) पितृसत्तात्मक समाज में :

(अ) स्त्रियों का समाज में प्रभुत्व

(ब) पुरुष का समाज में प्रभुत्व

(स) समाज पुजारियों द्वारा चलाया जाता था

(द) सभी को समान अधिकार

(ii) हड़प्पा सभ्यता में ''नृत्य करती मूर्ति'' किस धातु से बनी है ?

(अ) सोना

(ब) तांबा

(स) कांसा

(द) पत्थर

(iii) इब्नबतूता का यात्रा-वृत्तांत है :

(अ) रिहला

(ब) इंडिका

(स) किताब उल हिन्द

(द) ट्रेवल्स इन द मुगल एम्पायर

(iv) इस्तमरारी बंदोबस्त व्यवस्था की शुरूआत कहाँ से हुई ?

(अ) बंगाल

(ब) बम्बई

(स) मद्रास

(द) पूना

(*v*) महात्मा गाँधी दक्षिण अफ्रीका से भारत वापस आये :

(अ) 1915

(ब) 1916

(स) 1917

(द) 1918

(*vi*) भगवान जगन्नाथ किस हिन्दू देवता के एक रूप माने जाते हैं ?

(अ) शिव

(ब) गणेश

(स) इन्द्र

(द) विष्णु

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – 1×6=6

(*i*) लोथल ...................... राज्य में स्थित है।

(*ii*) 1857 के विद्रोह में कुछ भारतीय शासकों द्वारा अंग्रेजों का साथ देने का प्रमुख कारण ..................... था।

(*iii*) प्रयाग प्रशस्ती में .................... राजा की उपलब्धियों का वर्णन मिलता है।

(*iv*) भारत में औपनिवेशिक समय में भूमि राजस्व की ..................... प्रणालियाँ लागू की गईं।

(*v*) लिंगायत सम्प्रदाय में ..................... देवता की पूजा की जाती थी।

(*vi*) सविनय अवज्ञा आंदोलन ................... के नेतृत्व में शुरू हुआ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य में लिखिए : 1×6=6

(1) भूमि कर को मौर्यकाल में भाग कहा जाता था।

(2) मनुस्मृति के अनुसार पिता की संपत्ति में पुत्री का पुत्र के बराबर अधिकार होता है।

(3) भारतीय डाक-व्यवस्था का विस्तृत विवरण अल बिरूनी ने दिया है।

(4) जजिया कर गैर-मुसलमानों से लिया जाने वाला कर था।

(5) 1875 में दक्कन में किसानों का बड़ा विद्रोह हुआ था।

(6) 'फारवर्ड ब्लॉक' दल की स्थापना सुभाष चन्द्र बोस ने की थी।

4. सही जोड़ी बनाइए – 1×7=7

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (1) कृष्णदेव राय | (अ) विजयनगर |
| (2) हरिहर | (ब) तुलुव वंश |
| (3) हम्पी | (स) संगम वंश |
| (4) अमरनायक | (द) सैनिक अधिकारी |
| (5) मंडप | (इ) स्तंभयुक्त सभा-स्थान |
| (6) समानता का अधिकार | (फ) अनुच्छेद 24 |
| (7) शोषण के विरुद्ध अधिकार | (ज) अनुच्छेद 16 |

5. एक वाक्य में उत्तर दीजिए– 1×7=7

(1) फ्रांस्वा बर्नियर कौन था ?

(2) निर्गुण भक्ति के लिए प्रसिद्ध संतों के नाम लिखिए।

(3) टोडरमल की भू-राजस्व व्यवस्था में कौनसी भूमि कभी भी खाली नहीं रहती थी ?

(4) नील की जबरन खेती किसानों के लिए क्यों हानिकारक थी ?

(5) 1857 के विद्रोह का प्रारम्भ किस स्थान से हुआ था ?

(6) भारत सरकार अधिनियम 1919 को किस नाम से जाना जाता है ?

(7) संविधान के किस अनुच्छेद में गवर्नर की सिफ़ारिश पर केंद्र सरकार को राज्य सरकार के सभी अधिकार अपने हाथ में लेने का अधिकार दिया है ?

6. वैष्णववाद और शैववाद में अन्तर लिखिए। 2

**अथवा**

जैन धर्म के **पाँच** व्रतों के नाम बताइए।

7. भक्ति आंदोलन की विशेषताएँ लिखिए। 2

**अथवा**

सगुण और निर्गुण भक्ति में अन्तर लिखिए।

8. मुगलकाल में ग्राम पंचायत के मुखिया के कोई **दो** कार्य लिखिए। 2

**अथवा**

मुगल शासन के दौरान ग्राम पंचायतों के राजस्व के कोई **दो** स्रोतों के नाम लिखिए।

9. 1857 के विद्रोह को कुचलने के लिए अंग्रेजों ने क्या किया ? 2

**अथवा**

1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण क्या था ?

10. अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए क्या-क्या कार्य किए ? 3

**अथवा**

मौर्य वंश के बारे में जानकारी देने वाले ऐतिहासिक स्रोतों को लिखिए।

11. महाभारत इतिहास के स्रोत के रूप में क्यों महत्वपूर्ण है ? विस्तार से लिखिए। 3

**अथवा**

प्राचीन भारतीय समाज में विवाह और परिवार के नियमों की विशेषताओं को लिखिए।

12. किताब उल हिन्द पर एक लेख लिखिए। 3

**अथवा**

फ्रांसीसी यात्री बर्नियर के अनुसार भारत तथा यूरोप के मध्य मूल असमानताएँ कौन-कौनसी थीं ?

13. 1857 के विद्रोह में भाग देने वाले किन्हीं **तीन** नायकों के योगदान को लिखिए। 3

**अथवा**

सहायक संधि क्या थी ? इस संधि में शामिल देशी राज्य कैसे इतने शक्तिहीन हो गए ?

14. साइमन कमीशन के बारे में विस्तार से लिखिए। 3

**अथवा**

गाँधी-इर्विन समझौते की क्या शर्त थी ? विस्तार से लिखिए।

15. हड़प्पा सभ्यता के बारे में जानकारी किन-किन स्रोतों से प्राप्त हुई ? लिखिए। 4

**अथवा**

''मोहनजोदड़ो एक सुनियोजित नगर था।'' वर्णन कीजिए।

16. भक्ति और सूफी परम्पराओं का कला और संस्कृति पर क्या प्रभाव रहा ? 4

**अथवा**

भक्ति आंदोलन की विशेषताएँ लिखिए, जिनके कारण यह जनसाधारण में प्रसारित हो सका।

17. संथाल विद्रोह के कारणों को विस्तार से लिखिए। 4

**अथवा**

औपनिवेशिक शासनकाल में प्रस्तुत पांचवीं रिपोर्ट क्या थी ? व्याख्या कीजिए।

18. साँची के स्तूप की भव्य मूर्तिकला की विशेषताओं को लिखिए। 4

**अथवा**

"ई. पू. 600 से ई. 600 तक पौराणिक हिन्दू धर्म में मूर्तियों और मंदिरों का विकास हुआ।" व्याख्या कीजिए।

19. हड़प्पा सभ्यता के नगर नियोजन की विशेषताओं को लिखिए। 5

**अथवा**

हड़प्पा सभ्यता का अंत कैसे हुआ ? कारण लिखिए।

20. महाजनपद किसे कहते हैं ? किन्हीं **चार** महाजनपदों के बारे में लिखिए। 5

**अथवा**

समुद्रगुप्त कौन था ? उसके शासन की विशेषताएँ लिखिए।

21. विजयनगर साम्राज्य के मंदिरों की प्रमुख विशेषताओं को लिखिए। 5

**अथवा**

विजयनगर साम्राज्य में महाननवमी डिब्बा के महत्त्व का वर्णन कीजिए।

22. भारत छोड़ो आन्दोलन की व्याख्या कीजिए। 5

**अथवा**

नमक सत्याग्रह को विस्तार से लिखिए।

23. भारतीय संविधान के उद्देश्य प्रस्ताव (प्रस्तावना) की विशेषताओं को लिखिए। 5

**अथवा**

भारतीय संविधान की विशेषताओं को लिखिए।

24. भारत एवं सीमावर्ती देशों के मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** स्थानों को पहचानकर दर्शाइए : 4

**नोट**—मानचित्र पूर्ति कर मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें :

(1) लुम्बिनी

(2) चंपारण

(3) सम्राट अशोक का अंतिम युद्धस्थल-कलिंग

(4) नागार्जुनकोंड

**अथवा**

(1) गोलकुंडा

(2) सांची

(3) दांडी

(4) सिंधु सभ्यता का नगर-हड़प्पा


300 km
200 mi
© d-maps.com